


# बिहार विधान परिषद दैनिक विवरणिका

संख्या- 14 सत्र- 188वां

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख
सोमवार, दिनांक 19.3.2018 ई.

माननीय उप सभापति श्री मो. हारूण रशीद की
अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।

12.00 मध्याह्न से 5.00 अपराह्न तक

## 1. कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से आसन का ध्यान आकृष्ट किया जाना एवं आसन का नियमन

सदन की बैठक आरंभ होते ही माननीय सदस्य, श्री सुबोध कुमार ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को साजिशन फंसाये जाने के संबंध में आसन का ध्यान आकृष्ट कराया। इसपर आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय सदस्य, श्री सुबोध कुमार से प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के अंतर्गत कार्यस्थगन प्रस्तावों के निष्पादन की प्रक्रिया की कंडिका-6 के आलोक में अस्वीकृत कर दिया गया है।

(कार्यस्थगन प्रस्ताव के समर्थन में माननीय सदस्या, श्रीमती राबड़ी देवी को छोड़कर राजद एवं कांग्रेस के माननीय सदस्यगण सदन बेश्म में पोस्टर लहराते हुए आकर नारेबाजी करने लगे।)

## 2. प्रश्नोत्तर काल

### अल्पसूचित प्रश्न

प्रश्न संख्या- 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134 उत्तरित हुए।

### तारांकित प्रश्न

प्रश्न संख्या- 300, 302, 304, 307, 311, 312, 314, 315, 316, 317, 318, 319 उत्तरित हुए।
प्रश्न संख्या– 303, 308, 309, 310, 313 व्यपगत हुए।
प्रश्न संख्या- 301, 305, 306 सदन पटल पर रखे गए।

### आसन का नियमन

तारांकित प्रश्न संख्या– 314 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय मंत्री, इसको दिखवा लीजिए और जांच करवा लीजिए, इसपर माननीय मंत्री ने कहा कि मैं फिर से दिखबा लूंगा।

तारांकित प्रश्न संख्या- 318 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय मंत्री, इसको दिखवा लीजिएगा।

विपक्ष द्वारा वेश्म से किए जा रहे हंगामे पर माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने आपत्ति व्यक्त किया। आसन से खड़े होकर माननीय उप सभापति महोदय ने सदन वेश्म से माननीय सदस्यों को अपने-अपने स्थान पर जाने का आग्रह किया परंतु लगातार नारेबाजी जारी रही।

## 3. शून्यकाल

शून्यकाल के दौरान निम्नांकित माननीय सदस्यों ने विभिन्न विषयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया-

1. श्री केदार नाथ पाण्डेय
2. प्रो. नवल किशोर यादव

### आसन का निदेश

शून्यकाल की सूचनाओं पर आसन से यह निदेश देने की कृपा की गई कि माननीय सदस्य, दे दीजिए, सरकार को चला जाएगा।

इस बीच सदन के व्यवस्थित नहीं रहने की स्थिति में आसन से माननीय उप सभापति महोदय ने सदन को 2.30 अपराह्न तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

(अंतराल)

सदन की बैठक आरंभ होते ही राजद के माननीय सदस्यों ने सदन वेश्म में आकर अपने कार्यस्थन प्रस्ताव के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी। आसन से माननीय उप सभापति महोदय ने अनुरोध किया कि आपके कार्यस्थगन को अस्वीकृत कर दिया गया है, इसलिए सदन की कार्यवाही चलने दीजिए, आसन ग्रहण कीजिए। इसके बाद राजद के माननीय सदस्यगण सदन का बहिष्कार कर सदन से बाहर चले गये।

4. **ध्यानाकर्षण**

1. माननीय सदस्य, श्री अर्जुन सहनी द्वारा राज्य के पान की खेती करने वाले किसानों को अतिवृष्टि एवं ठंढ के प्रकोप से होनेवाले नुकसान के लिए मुआवजा दिये जाने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

   इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री दिनेश चन्द्र यादव ने वक्तव्य दिया एवं माननीय मंत्री, डा. प्रेम कुमार ने अपना लिखित वक्तव्य सदन पटल पर रखा।

2. माननीय सदस्य, श्री सुमन कुमार द्वारा मधुबनी जिला में मनरेगा के तहत शौचालय निर्माण के उपरांत प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

   इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने वक्तव्य दिया।

3. माननीय सदस्य, श्री दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा मनरेगा का कार्य जिला परिषद् एवं पंचायत समिति से कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

   इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने वक्तव्य दिया।

**आसन का नियमन**

सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय सदस्य, अगर दिक्कत होगी तो माननीय मंत्री को आप सूचित करेंगे।

**आसन का उद्गार**

आसन से माननीय उप सभापति महोदय ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि आज माननीय मंत्री की जय-जयकार हो रही है।

4. माननीय सदस्य, श्री वीरेन्द्र नारायण यादव द्वारा पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत एन.एच.-28 बी मार्ग का निर्माण कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से समय लिया गया।

5. माननीय सदस्य, श्री राधाचरण साह द्वारा राजधानी के सरकारी भवनों में लिफ्ट के बदले रैम्प का निर्माण कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाना।

माननीय सदस्य अनुपस्थित।

**5. ध्यानाकर्षण पर सरकार का वक्तव्य**

1. माननीय सदस्य, श्री दिनेश प्रसाद सिंह के जिला परिषदों की परिसम्पत्तियों के निर्माण मद में आवंटित राशि को लंबित रखे जाने से उत्पन्न स्थिति से संबंधित ध्यानाकर्षण पर सरकार का वक्तव्य।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने वक्तव्य दिया।

2. माननीय सदस्य, श्री सुमन कुमार के मधुबनी जिला में ग्राम रक्षा दल के सदस्यों की नियुक्ति एवं बुनियादी सुविधा से संबंधित ध्यानाकर्षण पर सरकार का वक्तव्य।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार ने वक्तव्य दिया।

**6. वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक पर विभागवार सामान्य वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर**
(ग्रामीण विकास, संसदीय कार्य, ग्रामीण कार्य, श्रम संसाधन)

**आसन का अनुरोध**

आसन से माननीय उप सभापति महोदय ने माननीय सदस्यों से अनुरोध किया कि आज जिन विभागों पर चर्चा होनी है, वे विभाग महत्वपूर्ण हैं और माननीय सदस्यों

को बता दूं कि 3.00 बज रहे हैं, मात्र दस व्यक्ति हैं और तीन माननीय मंत्रियों को भी बोलना है। जो चले गये, उसके बाद भी 8 बचे हैं। इसलिए समय का ख्याल रखेंगे।

विभागवार सामान्य वाद-विवाद पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए –

1. श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा
2. श्री सुमन कुमार
3. श्री अशोक चौधरी
4. श्री चन्देश्वर प्रसाद
5. श्री सुनिल कुमार सिंह
6. श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव
7. श्री विजय कुमार मिश्र

विभागवार सामान्य वाद-विवाद के उपरांत सरकार की ओर से निम्नांकित माननीय मंत्रियों ने वक्तव्य दिया –

1. श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग (माननीय मंत्री ने बजट भाषण की प्रति पुस्तिका के रूप में सदन पटल पर रखा।)

2. श्री शैलेश कुमार, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य (माननीय मंत्री ने बजट भाषण की प्रति पुस्तिका के रूप में सदन पटल पर रखा।)

3. श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री, संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास (माननीय मंत्री ने बजट भाषण की प्रति पुस्तिका के रूप में सदन पटल पर रखा।)

## 7. निवेदन

निवेदन के माध्यम से निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सदन का ध्यान आकृष्ट किया-

1. श्री सतीश कुमार
2. श्री सी. पी. सिन्हा
3. श्री सोनेलाल मेहता
4. डा. उपेन्द्र प्रसाद
5. प्रो. नवल किशोर यादव
6. श्री राधाचरण साह

माननीय उप सभापति महोदय ने सदन की अनुमति से यह निदेश देने की कृपा की कि प्राप्त सभी निवेदन ' निवेदन समिति' के विचारार्थ सुपुर्द किए जाएं।

**तत्पश्चात् परिषद् की बैठक मंगलवार, दिनांक 20.3.2018 को 12.00 मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।**

19/3/2018

**(सुभीम शर्मा)**
मुख्य प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद् ।

ज्ञापांक- 514 (3) / वि.प. पटना, दिनांक 19.3.2018

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण/ महामहिम राज्यपाल के सचिव, बिहार/ माननीय महाधिवक्ता, बिहार/ माननीय लोकायुक्त, बिहार/ बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/ सभी राज्यों के विधानमंडलों के सचिव/ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली/ विधि मंत्रालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/ निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार/ अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रमोद कुमार
19-3-2018

**(प्रमोद कुमार)**
वरीय प्रतिबेदक,
बिहार विधान परिषद् ।